भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 2862 #

गुरूवार, 19 दिसम्बर, 2024/28 अग्रहायण, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

देखो अपना देश अभियान

2862 # श्री तेजवीर सिंह:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देखो अपना देश अभियान के तहत भारतीय नागरिकों के लिए पर्यटन के प्रचार-प्रसार हेतु कोई नए कदम उठाए हैं और इसके तहत कितने पर्यटन स्थलों का संवर्धन किया गया है;

(ख) क्या सरकार ने देखो अपना देश अभियान के माध्यम से पर्यटन स्थलों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए डिजिटल या अन्य माध्यमों का उपयोग किया है; और

(ग) क्या सरकार ने देखो अपना देश अभियान के तहत भारतीय नागरिकों के लिए विशेष पर्यटन पैकेजों की घोषणा की है, और इस पहल का क्या प्रभाव पड़ा है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय ने देश में घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जनवरी 2020 में देखो अपना देश पहल शुरू की थी। इस पहल के तहत मंत्रालय वेबिनार, क्विज़, शपथ, सेमिनार, पर्यटन संवर्धन कार्यक्रम, परिचायक यात्रा, वेबसाइट, सोशल मीडिया आदि जैसी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से भारत के पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों को बढ़ावा देता है।

पर्यटन मंत्रालय ने देखो अपना देश पीपुल्स च्वाइस पोल की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को 5 पर्यटन श्रेणियों - आध्यात्मिक, प्रकृति और वन्यजीव, साहसिक, सांस्कृतिक और विरासत और अन्य में सबसे पसंदीदा पर्यटक आकर्षणों की पहचान करने के लिए प्रेरित करना है। मंत्रालय ने डिजिटल, सोशल मीडिया, प्रिंट, आउटडोर, एसएमएस और व्हाट्सएप सहित विभिन्न प्लेटफार्मों के माध्यम से पीपुल्स च्वाइस पोल को बढ़ावा दिया है।

विदेशी और घरेलू पर्यटकों के लिए पैकेज टूर जैसे पर्यटन कार्यक्रम निजी हितधारकों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और राज्य सरकारों द्वारा प्रदान किए जाते हैं।

*****